लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4060
25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र निर्यात का परिमाण

4060. श्री जयन्त बसुमतारी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत से विगत पांच वर्षों के दौरान निर्यात किए गए विभिन्न प्रकार के वस्त्रों के परिमाण का वर्षवार और उत्तरपूर्वी क्षेत्र सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतीय वस्त्रों के विगत पांच वर्षों में निर्यात से अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा देश में निर्मित वस्त्रों के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बेहतर बनाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) सरकार द्वारा बेहतर उत्पादन के लिए भारतीय वस्त्र निर्माताओं को किस प्रकार सहायता प्रदान करने का विचार है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत के वस्त्र एवं अपैरल (हस्तशिल्प सहित) के निर्यात का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): सरकार भारतीय वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने और इसकी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं/पहलें क्रियान्वित कर रही है। प्रमुख योजनाओं/पहलों में आधुनिक, एकीकृत, विश्व स्तरीय वस्त्र अवसंरचना बनाने के लिए पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्क योजना; बड़े पैमाने पर विनिर्माण को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए एमएमएफ फैब्रिक, एमएमएफ अपैरल और तकनीकी वस्त्रों पर केंद्रित उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना; अनुसंधान नवाचार और विकास, संवर्धन और बाजार विकास पर केंद्रित राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन; मांग आधारित, प्लेसमेंट उन्मुख, कौशल कार्यक्रम प्रदान करने के उद्देश्य से वस्त्र क्षेत्र के लिए क्षमता निर्माण योजना - समर्थ; रेशम उत्पादन मूल्य श्रृंखला के व्यापक विकास के लिए सिल्क समग्र-2, हथकरघा क्षेत्र हेतु एंड टू एंड सहायता के लिए राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम शामिल है। वस्त्र मंत्रालय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम और व्यापक हस्तशिल्प कलस्टर विकास योजना भी क्रियान्वित कर रहा है।

इसके अलावा, सरकार जीरो रेटेड निर्यात के सिद्धांत को अपनाकर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए अपैरल/गारमेंट्स और मेड-अप्स के लिए राज्य और केंद्रीय करों और लेवियों में छूट (आरओएससीटीएल) योजना भी क्रियान्वित कर रही है। इसके अलावा, आरओएससीटीएल योजना के तहत कवर नहीं किए गए वस्त्र उत्पादों को अन्य उत्पादों के साथ-साथ निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) के तहत कवर किया जाता है। इसके अलावा, सरकार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों, क्रेता-विक्रेता बैठकों आदि का आयोजन करने और उनमें भाग लेने के लिए वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यान्वित बाजार पहुंच पहल योजना के तहत विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों और व्यापार निकायों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

अनुबंध

वस्त्र एवं अपैरल (हस्तशिल्प सहित) निर्यात
(पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यवार आंकड़ें)

(मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)

राज्य	वित्तीय वर्ष: 2019-20	वित्तीय वर्ष: 2020-21	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24
तमिलनाडु	6,978.7	6,213.9	8,714.4	8,008.9	7,172.0
गुजरात	5,134.3	5,078.1	7,358.6	5,043.4	5,749.1
महाराष्ट्र	4,292.5	4,015.4	5,355.8	3,999.5	4,227.3
हरियाणा	3,280.3	3,003.0	4,215.0	3,720.0	3,641.9
उत्तर प्रदेश	3,151.0	2,729.8	3,649.0	3,686.6	3,438.2
कर्नाटक	2,474.0	1,917.1	2,732.1	2,910.3	2,738.4
राजस्थान	1,376.8	1,226.2	1,853.4	1,582.1	1,624.3
पंजाब	1,517.7	1,313.6	2,111.5	1,502.2	1,500.4
मध्य प्रदेश	1,132.6	1,338.0	2,108.9	1,346.5	1,390.2
पश्चिम बंगाल	1,026.3	904.9	1,265.7	1,207.4	1,087.1
दिल्ली	2,514.1	1,773.5	1,551.0	1,189.9	1,032.0
दादरा और नगर हवेली	640.2	597.7	994.1	670.3	678.3
आंध्र प्रदेश	472.9	447.9	770.6	438.2	481.2
केरल	373.3	289.2	407.2	351.4	371.8
हिमाचल प्रदेश	185.2	178.0	330.0	259.2	237.2
तेलंगाना	131.5	202.9	469.9	135.6	166.8
जम्मू और कश्मीर	101.9	67.8	109.9	101.1	88.7
ओडिशा	40.4	28.7	85.9	66.0	85.5
उत्तराखंड	47.7	52.0	84.6	45.6	41.6
बिहार	37.5	40.1	36.8	27.6	32.3
झारखंड	21.9	9.5	7.5	14.9	25.2
दमन और दीव	195.1	66.7	116.3	99.7	16.9
चंडीगढ़	2.2	5.3	9.8	29.7	16.1
पुदुचेरी	12.8	26.0	16.6	15.6	13.0
छत्तीसगढ़	1.7	0.9	3.3	2.9	4.0
गोवा	5.3	5.0	5.7	5.2	2.4
असम	1.9	3.9	7.1	4.0	2.3
नागालैंड	0.3	0.1	0.3	0.2	0.1
मिजोरम	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
मेघालय	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
त्रिपुरा	0.6	0.0	0.0	0.0	0.0
मणिपुर	0.0	0.0	0.6	0.0	0.0
लद्दाख	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अंडमान और निकोबार	0.2	0.1	0.0	0.0	0.0
अरुणाचल प्रदेश	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
लक्षद्वीप	0.1	0.0	0.1	0.0	0.0
सिक्किम	0.2	0.0	0.0	0.0	0.0
अन्य	25.2	49.6	62.7	222.1	9.5
कुल	**35,176.7**	**31,584.9**	**44,434.7**	**36,686.0**	**35,873.9**

स्रोत: डीजीसीआईएस, अनंतिम डेटा (पूर्णांकित)

****